हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 सितंबर 2025

06 नवांकुर की रासेयो इकाई ने किया शिक्षकों ...



09 भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री महेश ...





## खबर संक्षेप

### अस्पताल में जिला स्तरीय कैंप 8 को

**विदिशा।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में 8 सितंबर सोमवार को जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा। जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग उपचार एवं परामर्श चिकित्सा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर निशुल्क आभा आईडी बनाई जाएगी एवं फल वितरण किया जाएगा। जिला चिकित्सालय विदिशा में पदस्थ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राहुल मारोथिया एवं डॉ प्रियंका सिंह द्वारा मांसपेशियों एवं नर्व संबंधित समस्याओं का निराकरण फिजियोथैरेपी द्वारा किया जाएगा।

### पहले आओ पहले पाओ प्रक्रिया द्वारा सीधे प्रवेश

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा मे पहले आओ पहले पाओ चरण मे सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। जिसमें प्रवेश की अन्तिम तिथि 10 सितंबर है। शासकीय आईटीआई विदिशा मे फिटर ट्रेड में 2 सीट (आईएमसघ), टर्नर ट्रेड में 12 सीट, कारपेंटर ट्रेड में 17 सीटें ही शेष बची हैं। आईटीआई में प्रवेश लेने क यह अंतिम मौका है। अधिक जानकारी के लिए मो. नं. 7000867951, 8770894719 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को विकासखंडवार जवाबदेही सौंपी है। शनिवार को जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा ने आवंटित ब्लाक लटेरी का भ्रमण किया गया। सभी प्रोग्राम एनसीडी, टीबी मुक्त भारत, टीकाकरण, एएनसी रजिस्ट्रेशन, ओडीके में आईपीएचएस में संस्थायों की इंट्री) की समीक्षा की गई एवं संस्था परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के अंतर्गत पौधरोपण किया।

### मुख्यमंत्री ने बोलते पत्थर पुस्तक का विमोचन किया



**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर विदिशा के वैभवशाली अतीत पर आधारित वरिष्ठ पत्रकार गोविंद सक्सेना की पुस्तक बोलते पत्थर का विमोचन किया। उन्होंने लेखक के प्रयासों और परिश्रम की सराहना करते हुए इसे समाजोपयोगी बताया। इस अवसर पर लेखक गोविंद सक्सेना ने पुस्तक के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया। विमोचन अवसर पर जनसंपर्क आयुक्त डॉ सुदाम खांड़े, अंकित तिवारी सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### 15 से 19 सितम्बर तक सीखें सप्ताह आयोजित

**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखें सप्ताह प्रशिक्षण का आयोजन 15 से 19 सितम्बर तक किया जाएगा। इस दौरान जिले के समस्त शासकीय एवं संविदा अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आईजीओटी पोर्टल एप के माध्यम से न्यूनतम दो प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किए जाएंगे। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के आईजीओटी पोर्टल पर 1800 से अधिक अंग्रेजी एवं 200 से अधिक हिन्दी के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध हैं। साथ ही प्रशिक्षण को और सरल बनाने हेतु आईजीओटी की मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराई गई है। कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखें सप्ताह के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## अगले बरस तू जल्दी आ: बेतवा नदी और बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर गणेश विसर्जन करने उमड़ा सैलाब

# देर रात तक निकाला चल समारोह, घाटों पर भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

गणेश चतुर्थी के दिन गणेश विसर्जन को लेकर बेतवा के तटों पर शाम होते ही भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण घाटों पर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे। बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर गणेश विसर्जन के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। ढोल ताशों के साथ श्रद्धालु भगवान गणेश को नदी के तटों पर लेकर पहुंचे और पूजा अर्चना कर भगवान को विसर्जित किया।



**विदिशा।** पारंपरिक परिधान में गणपति जी को विसर्जित करने पहुंची महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश विसर्जन का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। दस दिनों तक चले गणेश उत्सव का समापन भावुक माहौल में हुआ। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने इस वर्ष बेतवा नदी में सीधे विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया। विसर्जन के लिए रामलीला मैदान स्थित जानकी कुंड पर विशेष प्रबंध किए गए। बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई।



**विदिशा।** घर-घर विराजे भगवान श्रीगणेश को बेतवा के तटों पर लेजाकर पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया।

जानकी कुंड, महल घाट, बाढ़ वाले गणेश मंदिर घाट, रंगई, बायपास, हनुमान घाट, पुराने पुल और चरणतीर्थ घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिलाएं थाल सजाकर पहुंचीं। बच्चे ढोल की थाप पर नृत्य करते रहे। बुजुर्गों ने आरती के स्वर गुंजाए। एसपी रोहित काशवानी ने भी परिवार के साथ जानकी कुंड पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। सुबह से शहर की गलियों और चौराहों पर ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्राएं निकलीं। पूरा शहर 'गणपति बप्पा मोरया' और 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से गूंजता रहा। पुलिस, नगरपालिका और होमगार्ड की टीमों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन और आरती के बाद बप्पा से अगले वर्ष जल्द आने और जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पुराना अस्पताल तिराह से माधवगंज होते हुए तिलक चौक तक का वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। बड़ा बाजार, बजरिया और रामलीला से तोपपुरा तक वाहन प्रतिबंधित रहे।

शहर के बाहर से आने-जाने वालों के लिए वैकल्पिक रास्ते तय किए गए। अशोकनगर और गुना से भोपाल जाने वाले वाहन ढोलखेड़ी-उदयगिरी-सांची मार्ग से निकाले गए। इसी तरह भोपाल से अशोकनगर या गुना जाने वालों को सांची-उदयगिरी-ढोलखेड़ी मार्ग से निकाला गया। ढोलखेड़ी से अंदर की तरफ आने के लिए केवल विदिशा आने वाले लोगों को ही अनुमति दी गई। सागर से अशोकनगर या गुना जाने वाले वाहन ओलंपस स्कूल से ढोलखेड़ी होकर निकले, और लौटते समय ढोलखेड़ी से ओलंपस स्कूल के रास्ते से निकले।









**विदिशा।** पुलिस जवानों की मौजूदगी में प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।



**विदिशा।** भगवान गणेश को विदा करने के लिए बग्गी में बैठाकर ले गए बच्चे।

### नहीं आएगी कमी जिले को 886 मैट्रिक टन डीएपी मिला

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के प्रयासों से जिले के किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराईं जा रही है। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि एनएफएल डीएपी की एक रैंक प्राप्त हुई है। जिससे जिले को 886 मैट्रिक टन रासायनिक उर्वरक प्राप्त हुआ है। जिसका वितरण शासन की सतत निगरानी में किया जा रहा है तथा इसी प्रकार जिले में लगातार रैक लगने से उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा प्राप्त हो रही है। जिससे किसानों द्वारा उर्वरकों के मांग की पूर्ति निरंतर की जा रही है। जिससे जिले मे किसी भी प्रकार से रासायनिक उर्वरकों की कमी नहीं है।

## विदिशा स्टेशन पर तबीयत बिगड़ी आजमगढ़ एक्सप्रेस में यात्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

मुंबई से आजमगढ़ जा रही आजमगढ़ एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगमपुर, उत्तरप्रदेश निवासी 35 वर्षीय रशीद अहमद के रूप में हुई है। शुक्रवार को जब ट्रेन विदिशा स्टेशन पहुंची, तब यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। विदिशा जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची। रशीद को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने



जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया है। परिजनों के विदिशा पहुंचने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। प्रारंभिक जांच में बीमारी से मौत होने की आशंका जताई गई है।

### लूट के दोनों आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

**विदिशा।** 5 सितंबर की दरमियानी रात थाना सिविल लाइन क्षेत्र में लूट की घटना घटित हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना में 800 रुपए की लूट की गई थी। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों में ही घटना के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों की पहचान कर थाना सिविल लाइन टीम ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार अनुराग उर्फ अन्नू आदिवासी पिता प्रेम सिंह आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी शेरपुर टीला, हिमांशु दिवाकर पिता स्व. हेमराज दिवाकर 18 वर्ष निवासी शेरपुरा को गिरफ्तार किया गया है।

## नदी में बहा बाइक सवार, टीम कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के थाना हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम सेमरा टप्पा निवासी मनोज लोधी (45) पुत्र रंजीत लोधी नदी पार करते समय हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि वे रात करीब 12 बजे बागरोद से अपने गांव लौट रहे थे।

दैयरपुर इमलाघाट स्थित बावना नदी के उफान में बाइक सहित बह गए। शुक्रवार को परिजनों ने हैदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह पानी उतरने पर नदी में उनकी मोटरसाइकिल दिखाई दी। जिससे हादसे की पुष्टि हुई। हादसे की सूचना मिलते ही



**विदिशा।** सर्चिंग के दौरान परिजन व ग्रामीण किनारे पर बैठकर इंतजार करते हुए।

हैदरगढ़ पुलिस, एनडीआरएफ और होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और देर शाम तक बकेना व कनेरा तक सर्चिंग की, लेकिन मनोज का कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी हैदरगढ़ ने बताया कि अब सागर जिले की राहतगढ़ थाना पुलिस की टीम के साथ सर्चिंग की जाएगी।

## किसान कांग्रेस ने लगाए कृषि मंत्री लापता के पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

ग्राम अटारीखेजड़ा में ग्रामीण किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में कृषि मंत्री के लापता होने के पोस्टर ग्राम और कृषि सहकारी संस्था परिसर में लगाए और गुहार लगाई कि हमारे कृषि मंत्री को ढूंढा जाए।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने बताया कि हमारी आशंका है हमारे प्रदेश के कृषि मंत्री को खाद की कालाबाजारी करने वालों ने किडनैप कर लिया है। हमारी आशंका सही है या गलत इसको साबित करने की जिम्मेदारी सरकार की है। या तो किडनैप करने वाले व्यापारी पकड़े



जाएं या हमारे कृषि मंत्री जनता के सामने आएं। इस मौके पर ग्रामीणों सहित महेंद्र रघुवंशी, नीलम रघुवंशी, अरुण शर्मा, दीप सिंह दांगी, बबलू रघुवंशी, देवेंद्र धाकड़, विक्की दांगी, राम सिंह रघुवंशी, हरगोविंद कुशवाह, प्रवीण सेन, नरेश सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आज

**विदिशा।** युवा ब्राह्मण विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आज रविवार को हरिपुरा स्थित लवली गार्डन में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें संगठन के नवीन पदाधिकारियों को नियुक्तिपत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। जिलाध्यक्ष वागीश मिश्रा ने क्षेत्र के समस्त युवा ब्राह्मणों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता पंडित अनुज भार्गव ने दी।

## बारिश से कच्चा मकान ढहा तीन भैंस, 3 गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के ग्राम पंचायत लखूली में तेज हवा और बारिश से गरीब चंद्रपाल सिंह आदिवासी का मकान गिर गया। उसने और उसकी पत्नी ने भाग कर अपनी जान बचाई। लेकिन घर में मौजूद तीन भैंस और तीन गायों की मलबे में दबकर मौत हो गई। घर गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दब गया।

पीड़ित चंद्रपाल आदिवासी ने बताया कि गुरुवार की रात 8:30 बजे के आसपास बहुत तेज बारिश हो रही थी और हवा चल रही थी जैसे ही मुझे आहट सुनाई दी की घर गिरने वाला है। वैसे ही मैं और मेरी पत्नी ने घर के बाहर भागकर जान बचाई। मेरे बच्चे गांव में ही गणेश जी की आरती में गए हुए थे।



पड़ोसियों को जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे और मृतक गाय ओर भैंसों को मलबे से बहार निकाला। पीड़ित ने पांच से छह लाख रुपए के नुकसान की संभावना जताई है। पीड़ित परिवार ने हल्का पटवारी को सूचना दे दी है और मौके पर पशु डॉक्टर भी पहुंचे। पीड़ित परिवार ने शासन प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितृ वर्ष भर तक प्रसन्न रहते हैं


पितृपक्ष श्राद्ध की 15 तिथियों का समूह है

# पितरों के ऋण से मुक्ति के लिए आज सुबह करेंगे तर्पण, दोपहर 12:57 से लगेगा चंद्र ग्रहण का सूतक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

आज रविवार से पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है और खग्रास चंद्रग्रहण पड़ रहा है। चंद्र ग्रहण का सूतक दोपहर 12:57 से प्रारंभ होगा ग्रहण के सूतक के पहले तर्पण पिंडदान श्राद्ध कर लेना चाहिए।

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष के 15 दिन पितृपक्ष के नाम से विख्यात हैं। इन 15 दिनों में लोग अपने पितरों को जल देते हैं तथा उनकी मृत्यु तिथि पर श्राद्ध करते हैं। पितरों का ऋण श्राद्धों द्वारा चुकाया जाता है। पितृपक्ष श्राद्धों के लिए निश्चित 15 तिथियों का एक समूह है। वर्ष के किसी भी मास तथा तिथि में स्वर्गवासी हुए पितरों के लिए पितृपक्ष के उसी तिथि को श्राद्ध



किया जाता है पूर्णिमा पर देहांत होने से भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को श्राद्ध करने की विधि पूर्णिमा तिथि को और श्राद्ध पक्ष में सम्मिलित कर लें तो 16 दिन तक धर्म में आस्थावान व्यक्ति अपने पितरों को तृप्त करने के लिए इन 16 दिनों में तर्पण श्राद्ध ब्राह्मण भोजन पंचवली आदि कर्म करते हैं। इसी दिन से महालय का प्रारंभ भी माना जाता है। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष श्राद्ध पक्ष 7 सितंबर रविवार से प्रारंभ हो रहा है। सर्वपितृ अमावस्या 21 सितंबर रविवार तक श्राद्ध पक्ष रहेगा। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि 7 सितंबर रविवार को चंद्रग्रहण है और चंद्र ग्रहण का सूतक रविवार को दोपहर 12:57 से लगेगा 12:57 के पहले ही तर्पण श्राद्ध पिंडदान ब्राह्मण भोजन आदि करना शास्त्र सम्मत है। जो लोग यदि नहीं कर पा रहे हों तो अमावस्या के दिन भी पूर्णिमा का श्राद्ध कर सकते हैं। पूर्णिमा तिथि 6 सितंबर शनिवार को रात्रि में 1:41 से प्रारंभ होगी और 7 सितंबर रविवार को



रात्रि 11:38 तक रहेगी और शास्त्रों के अनुसारश्राद्ध कर्म का समय 11:30 से 3 बजे तक तिथि रहे उसी में करना चाहिए। 7 सितंबर रविवार को दोपहर में पूर्णिमा तिथि रहेगी और कुतुप समय रहेगा। इस कारण रविवार से ही महालया श्राद्ध तर्पण करना शास्त्र सम्मत है। पूर्णिमा का श्राद्ध रविवार को करना चाहिए। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितृ गण वर्ष भर तक प्रसन्न रहते हैं।

## ग्यारसपुर में धूमधाम से निकाला चल समारोह, नम आंखों से विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्यारसपुर

गणेश उत्सव के अवसर पर सोमवार को गणेश जी महाराज का भव्य चल समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाला गया।

गणेश समिति के सदस्यों के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्ति भाव से नृत्य करते हुए चल रहे थे। पूरे नगर में शोभायात्रा का दृश्य देखते ही बनता था।चल समारोह का स्वागत नगरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसाकर और गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ किया। नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया और गणेश उत्सव की रंगत हर गली-मोहल्ले में देखने को मिली। विसर्जन घाट पर ग्राम पंचायत ग्यारसपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए।

## खबर संक्षेप

### आज बिजली प्रदाय रहेगा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी शहर वितरण केंद्र द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दोपहर 2 बजे तक 220 केव्ही जेल उपकेंद्र से जुड़े 33 केव्ही कंजना फीडर पर आवश्यक रख रखाव कार्य किया जाएगा। इस कारण 33/11 केव्ही कंजना उपकेंद्र से निकलने वाले तीनों औद्योगिक फीडर तथा 11 के.वी. फीडर F-1, F-2 (ड्रीम सिटी फीडर) एवं F-3 बंद रहेंगे। इससे ड्रीम सिटी कॉलोनी, हरिपुरा, पलोड़ नगर एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कार्य की प्रकृति के अनुसार विद्युत अवरोध का समय आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

### क्षमावाणी पर्व पर होंगे अनेक आयोजन



**गंजबासौदा।** मंगल चातुर्मास श्रावक संस्कार शिविर समापन समारोह अंतर्गत रविवार को क्षमावाणी पर्व के मौके पर अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें सुबह 6.30 बजे मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, युगल आचार्य श्रीजी की दिव्य संगीतमय पूजन ब्रह्मचारी भैया, शिविरार्थीगण एवं 5 या उससे अधिक उपवास करने वाले तपस्वियों का सम्मान पश्चात निर्यापक श्रमण की मंगल देशना के पश्चात उपवास की पारणा एवं सामुहिक क्षमावाणी कार्यक्रम का आयोजन महावीर विहार में संपन्न होगा। जैन समाज से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति स्टेशन मण्डी द्वारा की गई है।

## अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बेतवा सहित अन्य नदियों में हुआ विसर्जन

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आ के जयकारों से की विघ्नहर्ता की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा













दस दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में पूजन अर्चन कर भगवान श्री गणेश से मंगल कामना एवं अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना के साथ उनकी विदाई की। साथ ही अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घरों में पूजन के बाद अनंत भी बांधे गए। वहीं नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के झांकी पंडालों में हवन पूजन एवं कन्या भोज भंडारे के बाद शाम को आरती कर धूमधाम से भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर प्रतिमा विसर्जन को लेकर नपा प्रशासन द्वारा तैयारियां की गई थीं। बड़ी प्रतिमाओं का पुल से क्रेन की मदद से नदी में विसर्जन कराया गया। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न स्थानों पर झांकी पंडालों में यज्ञ अनुष्ठान किया गया। उधर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अनेक श्रद्धालुओं एवं झांकी पंडाल संचालकों ने प्रतिमा विसर्जन के लिए बेतवा नदी न जाकर आसपास के जलाशयों, केवटन नदी, सिंध नदी और खानवा नदी में प्रतिमा विसर्जन किया।

शनिवार को भगवान गणेश का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों से भगवान गणेश की मूर्तियों को गाजे बाजे के साथ बेतवा नदी के गंज घाट पर ले जाकर विसर्जित किया गया। शहर के कई स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में विराजे गए भगवान गणेश को विदा किया गया। वात्सल्य स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुंवशी, राजेश तिवारी, संदीप डोंगर, एसडीएम संतोष बिटौलिया, तहसीलदार अरविन्द यादव सहित गणमान्य नागरिक, पालकगण उपस्थित रहे। वहीं गोकुल धाम के श्रद्धालुओं ने भगवान गजानन को भावभीनी विदाई दी। भक्ति भाव से नाचते गाते भव्य शोभायात्रा निकाली गई और गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। शहर के अन्य स्थानों पर भी भगवान गजानन को नम आंखों से विदा किया गया। साथ ही गणेश विसर्जन के अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पार्षदगण, एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी सहित प्रशासनिक अमला, सिटी थाना प्रभारी देहात थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी मौके पर मौजूद रहे। उधर विसर्जन के लिए गंज पुल, रिपटा घाट और बरीघाट पर आवश्यक पुलिस व्यवस्था दोनों थानों का बल, स्थानीय कोटवार भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए हैं। पुल पर एक क्रेन की व्यवस्था रही जिसके माध्यम से बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया गया और छोटी मूर्तियों को नपा अमले ने एक स्थान पर एकत्रित करवाकर बाद में सुरक्षित तरीके से उनका विसर्जन करवाया गया। नपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि ने स्वयं भी प्रतिमा विसर्जन किया और विसर्जन की व्यवस्थाओं की निगरानी भी करते रहे। इस अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन होता रहा।

वहीं उदयपुर में में शांतिपूर्ण ढंग से गणेश विसर्जन हुआ। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग अमला मौके पर मौजूद रहा। वहीं कुछ जागरुक लोगों ने अपने घरों में ही बर्तनों के अंदर श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। जिनके मिट्टी में परिवर्तित होने पर गमलों में पौधरोपण किया जाएगा। नगर के वार्ड क्रमांक 2 में भी बच्चों द्वारा लगाई गई झांकी में सुबह पूजन अर्चन, हवन एवं प्रसादी वितरण के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को बेतवा नदी ले जाकर उसका विसर्जन किया गया। इसके अलावा ग्राम स्यारी में भी हवन, कन्या भोज, भंडारे का आयोजन हुआ और शाम को विधिवत आरती एवं पूजन के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा का सिंध नदी में विसर्जन किया गया। वहीं केवटन नदी पुल पर भी विसर्जन के लिए भीड लगी रही।

## उदयपुर क्षेत्र को मिली डायल 112 की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डायल 112 को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश को सौगात दी है। जिससे पुलिस सुरक्षा में रफ्तार मिलेगी। इस दौरान विदिशा एसपी रोहित काशवानी के द्वारा उदयपुर सहायता केंद्र पर भी डायल 112 गाड़ी उदयपुर क्षेत्र के लिए भेजी गई है। उदयपुर पुलिस सहायता प्रभारी दुर्ग सिंह रघुवंशी ने बताया कि डायल 112 से पुलिस विभाग को रफ्तार मिलेगी और अपराधियों की कमर तोड़ेगी। उन्होंने सहायता केंद्र पर पुलिस बल बढ़ाने के लिए भी विभाग में सूचित किया है। डायल 112 का उदयपुर के जनप्रतिनिधियों एवं सहायता केंद्र प्रभारी ने पूजन कर क्षेत्र में रवाना किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी उदयपुर के मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मांगीलाल राय, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र चौरसिया, प्रेम कपूर, सौरभ द्विवेदी, शैलेन्द्र साहू, पुलिस सहायता केंद्र उदयपुर प्रभारी दुर्ग सिंह रघुवंशी, शहजाद खान, आकाश सेन सहित सहायता केंद्र स्टॉफ मौजूद रहा।

## पाठक संघ ने जयंती एवं पुण्यतिथि मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं दोनों के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि जहां एक और स्वर्गीय मदर टेरेसा ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, अशिक्षितों एवं वंचितों की सेवा में व्यतीत किया। वहीं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जिनके जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। दोनों सदी के महा नायक थे और दोनों ने अपना संपूर्ण जीवन पीड़ित मानवता की सेवा में अर्पित किया और देश को एक नई दिशा और दशा प्रदान की। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने दोनों जननायको के बारे में विस्तार से बतलाया और उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रामबाबू यादव, गौरव शर्मा, शरद जैन, सर्वांग शर्मा, टीपू सोलंकी, कैलाश नेमा सहित वाचनालय पाठक संघ के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## मौका मिले तो हम किसी से कम नहीं: सुरेंद्र सोलंकी




**गंजबासौदा।** सेवा भारती द्वारा 50 सेवा बस्तियों के 250 संस्कार केन्द्रों के 400 मैधावी छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह रविन्द्र नाथ टैगौर सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर सेवा बस्तियों के छात्र, छात्राओं दारा प्रस्तुत साँस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा सेवा भारती द्वारा संचालित सेवा कार्यों की प्रशंसा की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के दौर में सेवा बस्तियों में पहुंचकर संस्कार शिक्षा देना बहुत कठिन कार्य है लेकिन सेवा भारती इस कार्य को बखूबी कर रही है। सेवा भारती के इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवा भारती मध्यभारत प्रान्त के संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने संचालित प्रकल्पों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में डॉ. योगेन्द्र जैन निदेशक एसएटीआई कॉलेज, अवतार सिंह रघुवंशी, मोहित रघुवंशी संचालक ओलंपस स्कूल, राकेश खण्डेलवाल, सेवा भारती जिलाध्यक्ष राजेश माथुर, विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल, नगर सचिव मंयक टांक, आनंद शरण, संजीव माथुर, वर्षा अग्रवाल, राजबाला बघेल सहित समस्त केन्द्रों के पालकगण, छात्र, छात्राएं उनके माता पिता उपस्थित रहे।


## अवैध रूप से उर्वरक विक्रय करने पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस उर्वरक निरीक्षक रूपेश बघेल को शिकायत प्राप्त हुई थी कि नानाजी वाली गली में संदीप रायपुरिया के द्वारा अवैध रूप से उर्वरक का व्यापार किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मौका मुआयना कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमें मनोज रघुवंशी के मकान में जैविक खाद एवं दवाइयों का अवैध रूप से भंडार होना पाया गया। मौके पर उर्वरक निरीक्षक द्वारा पंचनामा बनाकर उर्वरक को जब्त कर अवैध उर्वरक को बासौदा के शासकीय डबल लॉक केंद्र राजेंद्र नगर के गोदाम के सुपुर्द किया गया है, जबकि संदीप रायपुरिया से लाइसेंस आदि दस्तावेज मांगे गए तो उनके द्वारा इस संबंध में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। वहीं मौके पर उर्वरक प्रोम 1.02 टन, ग्रीन मास्टर 40 किलो, क्रॉप ऊर्जा 45 किलो, क्रॉप कवच 8 किलो का भंडारण पाया गया जिसे जब्त किया गया और स्थान को सील किया गया। उक्त उर्वरक का व्यापार अवैध रूप से किया जाना पाया गया, यह सभी आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 37 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7, 8 का उल्लंघन है। उर्वरक की निर्माता कंपनी ग्रीन ग्रोथ एग्रो टैक्स, खसरा नंबर 91, ग्राम भागलपुर, पोस्ट खजुरिया संपत फरीदपुर जिला बरेली उत्तर प्रदेश की कंपनी के उर्वरक विक्रेता संदीप रायपुरिया पाए गए। जिनके विरुद्ध थाना देहात में एफआईआर दर्ज की गई। उप संचालक कृषि केएस खपेडिया ने जिले के समस्त उर्वरक विक्रेताओं से अपील की है कि उर्वरक आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्रावधान अनुसार उर्वरक व्यापार करें एवं समस्त कीटनाशक विक्रेताओं से अपील की है कि कीटनाशक अधिनियम 1968 में निहित प्रावधान अनुसार कीटनाशकों का व्यापार करें तथा अन्यथा की स्थिति में तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## खंभा हुआ टेढ़ा, कभी भी हो सकता है धराशायी



गंजबासौदा। समीपस्थ ग्राम डाबर से स्यारी के बीच मुख्य मार्ग के किनारे से गुजरी अटल ज्योति विद्युत लाइन का खंभा अपने आधार से टेढा हो गया है और गिरने की कगार पर है। यह खंभा सिर्फ विद्युत तारों के कारण अटका हुआ है। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस खंभे की शिकायत लाइनमैन से की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि यह खंभा मुख्य मार्ग पर ही है और यहां से लाइनमैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी गुजरते हैं।

## सेंट एसआरएस स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# छात्र, छात्राओं ने किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रथमेश भगवान गणेश की अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं का संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि शिक्षक शिक्षा के साथ संस्कारों का प्रदाता और वाहक होता है। शिक्षक के माध्यम से हम नई पीढ़ी में ज्ञान के साथ संस्कार प्रवाहित करते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव ने कहा कि प्राचीन काल में गुरुजन अपने शिष्यों को अध्यापन के साथ-साथ संस्कार भी देते थे। सभी शिष्य भी गुरु के द्वारा बताई गई हर बात पर ध्यान देकर अपने जीवन में उन्हें आत्मासात कर अपने जीवन को सरल और सौम्य बनाते थे, पर आज के युग में हम चाह कर भी वह शिक्षा नहीं दे पा रहे क्योंकि शिक्षकों के ऊपर बंदिशें लगा दी गई हैं, बदलते समय के हिसाब से शिक्षा और संस्कार देने में बदलाव करना आवश्यक है। यदि बच्चों को संस्कार देना है, तो पहले शिक्षक को भी प्राचीन काल के गुरुजनों की तरह ही संस्कारित होना होगा साथ ही अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहना होगा। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने शहर के वर्तमान परिवेश और हालातों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को हर पल सजग और जिम्मेदार रहने हेतु मार्गदर्शित किया।

संस्था में शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम बड़े स्तर पर सम्पन्न हुआ। जहां राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से संस्था के सभी शिक्षकों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं संस्था प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर के एस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव एवं प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने सैण्ट एसआरएस स्कूल एवं नवीन विस्तारित भवन गोपाल पाठशाला के समस्त शिक्षकों को उपहार सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान शिक्षकों को विभिन्न मनोरंजक खेलों और बौद्धिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से आनंद से भरने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन से लेकर संयोजन की पूरी जिम्मेदारी संस्था के छात्र, छात्राओं ने बखूबी निभाई।

## नपाध्यक्ष ने किया गोशाला का निरीक्षण



गंजबासौदा। नपा द्वारा बनवाई गई गौशाला में नगर के चौक चौराहों पर भ्रमण कर रहे लावारिस गौवंश को नपा अमले द्वारा पहुंचाया गया है। इस गौशाला का शनिवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने निरीक्षण किया और गौवंश को चारा पानी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही नपा अमले को निर्देशित किया कि गौवंश को किसी तरह की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने गायों को हरा चारा भी खिलाया। उनके साथ सरिता रघुवंशी, नपा उपयंत्री नरेन्द्र सिंह चौहान, मुन्ना महाराज सहित अन्य नपाकर्मी थे।

## नवांकुर की रासेयो इकाई ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक छात्र-छात्राऐं व विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित सहित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विभाग के शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहोरी व विभाग प्रभारी संदीप रावत द्वारा सरस्वती माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात प्रिंस रैकवार और ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर रासेयो नवांकुर इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का रोरी चावल लगाकर सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ पेश की गईं। इस अवसर पर आन्या सैनी, आस्था गुप्ता, भूमि सोनी, अंतरा दुबे, कुमकुम राजपूत, देवांश, नीलम प्रजापति, सेजल भार्गव, मोनिका प्रजापति, प्रिंस रैकवार, निमिषा तिवारी, विधि मिश्रा, अंशिका साहू, नंदिनी, स्नेहा रघुवंशी, मानसी राठौर, स्नेहा राय, सुरक्षा विश्वकर्मा, नैंसी शर्मा, महक, सुनिधि, श्री शर्मा, कनक दुबे द्वारा शिक्षक सम्मान पर आधारित एक से बढ़कर एक गीत, कविता, एकल व सामूहिक नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए गए। शिक्षक अवधेश कुशवाह ने शिक्षक दिवस मनाने का महत्व बताया। शिक्षक रामकिशन राठौर एवं शिक्षिकाओं द्वारा हम शिक्षक हैं, हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे गीत प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने आओ जवान आओ और जिंदगी की यही रीत है गीत प्रस्तुत किया। छात्र अनस ने हास्य अभिनय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसी रघुवंशी, नंदिनी गोस्वामी ने किया। मेघा शर्मा एवं संदीप रावत ने उद्बोधन प्रस्तुत किया।

## समूचे अंचल में गणपति के गूंजे जयकारे, घाटों पर पुलिस और प्रशासन रहा चुस्त

# हर्षोल्लास के साथ दी बप्पा को विदाई पूजा-अर्चना कर किया प्रतिमा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर भर में हर्षाउल्लास के साथ भगवान श्रीजी को विदाई दी गई। इस दौरान भगवान श्री गणेश जी की विदाई में लोगों की आंखो में नमी भी देखने को मिली। लोगों की माने तो बप्पा के आने के बाद इन दस दिनों में उनके दैनिक जीवन में काफी बदलाव आए थे जिन्हे वे जारी रखेंगे। इसके अलावा तहसील के अन्य हिस्सों में भी जोरदार धूम धड़ाके से भगवान से अगले बरस जल्दी आने का वादा लेकर विदाई दी गई। इस दौरान लोग झूमते नाचते नजर आए।

गौरतलब है कि अनंत चर्तुदशी तक चलने वाले गणपति विसर्जन के तहत लोगों ने शनिवार को गणपति विसर्जन जोर शोर से किया। इस दौरान शहरी एंव ग्रामीणों क्षेत्रों में तालाबों पर बडी संख्या में नागरिकों की भीड़ देखने को मिली। जिन्होंने अपने घरों में भगवान श्रीजी को स्थापित किया था। वह लोग घरों में विराजमान गणपति बप्पा को लेकर विसर्जन के लिए पहुंचे। इस दौरान तालाबों पर काफी अच्छा माहौल देखने को मिला। साथ ही बच्चों से लेकर बुजुर्गो में भी अच्छा खासा उत्साह देखने को मिले। तालाबों पर



पहुंचकर लोगों ने पूरे विधी विधान से बप्पा की पूजन अर्चना कर आरती उतारी। इसके बाद परिवार की सुखशांति की कामना की। तत्पश्चात भगवान श्रीजी का पूर्ण भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया।

### दिनभर चले हवन पूजन

अंनत चतुर्दशी के अवसर पर शविवार को शहर समेत अंचलों में सुबह से लेकर शाम तक गणेश जी के पंडालों में हवन पूजन एवं कन्यभोज का दौर चलता रहा। इसके बाद डोल-ढमाकों के बीच बप्पा को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर युवा डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। वहीं कैथन डेम में दोपहर से लेकर देर शाम तक प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर चलता रहा। वहीं नगर पालिका द्वारा भी सुरक्षा के मद्देनजर लाईट वोट सहित अन्य व्यवस्थाएं जुटाई गई थी।

### दिनचर्या में आया परिवर्तन

विसर्जन करने आई महिलाओं ने बताया कि बप्पा के आने के बाद इन दस दिनों में जीवन की दिनचर्या में काफी परिवर्तन आए है। वहीं घर के सभी लोगों में भी भगवान के प्रति खासी भक्ति देखने को मिली। महिलाओं ने बताया कि घरों में भगवान की पूजा के लिए सुबह जल्दी उठना व घर की साफ सफाई जल्दी कर स्नान करना व भगवान के लिए सुबह जल्दी से जल्दी भोग तैयार करने से लेकर पूजा पाठ में 10 दिन कैसे कट गए पता ही नहीं चला। लेकिन इन सब से जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव आए हैं। जिन्हे वे आगे भी जारी रखना चाहेंगी।

# 10 संभागों की 20 टीमों के 360 खिलाड़ी सिरोंज में दिखाएंगे दम

## राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता की प्रेसवार्ता




**सिरोंज।** नगर के शासकीय सीएम राईज विद्यालय में 8 से 12 सितम्बर तक आयोजित होने वाली 69वी राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारिया लगातार जारी है। इसको लेकर शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी,सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य महेश ताम्रकार,ब्लॉक खेल शिक्षक जमशेद,शान मिया ने पत्रकारो से चर्चा के दौरान बताया गया कि राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता 08 से 12 सितम्बर 2025 तक चलेगी। जिसमें मध्यप्रदेश के 10 संभागो की 20 टीमो के 360 खिलाडी भाग लेंगें और कुल 48 मैच खेले जाएंगे। तो वही प्रतियोगिता का उद्‌घाटन समारोह 08 सितम्बर को प्रातः 10:00 बजे बस स्टैंड से मार्च पास्ट के साथ होगा। खेल मुकाबले सांदीपनि विद्यालय मैदान एवं छात्रावास मैदान पर खेले जाएंगे। तो वही प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 12 सितम्बर 2025 को होगा

### छात्र-छात्राओं की व्यवस्था पृथक-पृथक से रहेगी

राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में 10 संभागो के 360 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहें है। जिमसें 10 टीम छात्रों एंव 10 टीम छात्राओं की रहेगी। छात्राओं की आवास की व्यवस्था में 5 टीमें निर्मला कान्वेंट स्कूल,5 टीम शालीमार गार्डन में व्यवस्था की गई है। इसी तरह संस्कार गार्डन फेस 1 व 2 में छात्रो के आवास की व्यवस्था की गई है। साथ ही खिलाडियो के भोजन की व्यवस्था के लिए संभाग स्तर पर प्रत्येक संभाग के अधिकारी अपने अपने संभागो के हिसाब से खिलाडियो के भोजन की व्यवस्था करेगें। इसी तरह सभी छात्र-छात्राओं के अलावा टीमो के साथ आने वाले कोच व शिक्षक-शिक्षिकाओ को मिलकर 430 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेगें। जिसमें 48 मैच खेले जाएगें। हाई स्कूल के ग्राउड पर छात्रो की टीम के मैच होगें। तो वही हाई स्कूल के पास स्थित ग्राउड पर छात्राओं के मैच कराए जाएगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने बाहर से आने वाली टीमो के प्रबंध के लिए 20 टीमें गठित की है। जिसमें 120 पुरूष एंव महिला शिक्षिकाओं को शामिल किया गया।

# भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री महेश चौधरी का भाजपा नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने किया स्वागत



**सिरोंज।** ग्राम पंचायत मुगलसराय में सजाई गई भगवान श्री गणेश की आकर्षक झांकी में दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए भारतीय किसान संघ क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांतीय मंत्री भारत पटेल,प्रदेश मंत्री दिनेश दुबे मुगलसराय पहुचें और उन्होने भगवान श्री गणेश की आरती एंव भजन संध्या का आनंद लिया। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष,भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने सभी का फूलमाला शॉल श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत किया। तो वही क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी मुगलसराय पहुचकर सबसे पहले किसानों की समस्याओं को सुना और भारतीय किसान संघ की नीति रीति पर बात रखी।

# पयुर्षण पर्व पर पाठशाला के छात्रों को संस्कृत के तत्वार्थ सूत्र वाचन करने पर समाजसेवी मोना-राहुल कुमार जैन ने वितरित किए पुरस्कार

**सिरोंज।** श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में दस लक्षण महापर्व पर उत्तम क्षमा धर्म दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पाठशाला के छात्रों द्वारा तत्वार्थ सूत्र का वाचन संस्कृत में किया गया। वाचन के पश्चात छात्रों को पुरूस्कार वितरण वरिष्ठ समाजसेवी सुनिल कुमार,राहुल कुमार,श्रीमति मोना जैन भूपत परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशांत शास्त्री मुंबई व पूज्य माता जी के मार्गदर्शन में सभी समाजजनो की उपस्थिति में पाठशाला की बहनों एवं भाइयों द्वारा तत्वार्थ सूत्र का संपूर्ण दसों अध्याय का वाचन किया गया।



जिसमें सभी समाजजनो ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। तो वही प्रातः काल की बेला में सर्वप्रथम मंगलाष्टक श्री जी का अभिषेक शांति धारा तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन एवं देव शास्त्र गुरु पूजा दस लक्षण पर्व पूजा एवं सोलह कारण पूजा आदि की गई। उसके पश्चात तत्वार्थ सूत्र के दसवां अध्याय के दसों अध्याय के दस अर्घ समाज के सभी श्रेष्ठीयो द्वारा अर्घ समर्पित किया गया। इस मौके पर स्वर्ण कलश से प्रथम कलश करने का सौभाग्य राजीव कुमार सैनानी आहान जैन सैनानी परिवार को प्राप्त हुआ। तो वही द्वितीय कलश का सौभाग्य सवाई सिंघई ज्ञानचंद,नितिन कुमार परिवार को प्राप्त हुआ। तृतीय कलश का सौभाग्य सुरेश चंद,कपिल कुमार,राजीव कुमार पैराखेड़ी परिवार को एवं अंतिम कलश श्रेष्ठी प्रमेन्द्र कुमार,निराग कुमार सवाई सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। उसके पश्चात शांति धारा का कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रथम शांति धारा निर्मल कुमार,श्री मति चैनारानी जैन,राजीव जैन,श्रीमती नम्रता जैन,आहान जैन सैनानी परिवार एवं द्वितीय शांति धारा सुनील कुमार,अतिक्ष कुमार गुरधानी परिवार एवं समस्त गुरधानी परिवार को मिला। तत्त्वार्थसूत्र सूत्र वाचन पुरस्कार एवं द्रव्य संयोजन पुण्यार्जक सुनील कुमार, राहुल कुमार,अतुल कुमार भूपत परिवार को प्राप्त हुआ। शाम को महाआरती तत्पश्चात प्रवचन शास्त्र सभा का कार्यक्रम हुआ।

## पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार

# न्यायालय के मालखाने एवं बंधन बैंक में हुई थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

न्यायालय के मालखाने एवं बंधन बैंक में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी सुरेन्द्र उर्फ बौना कुशवाहा 26 वर्ष निवासी ग्राम जनकपुर को पकडने में सफलता प्राप्त की। 13 अगस्त को न्यायालय के मालखाने का ताला तोड़ कर चोरी की घटना हुई थी। वही 4 अगस्त को बंधन बैंक में मोबाइल, नगदी चोरी की घटना पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर टीम बना कर चोरी की घटनाओं का पता लगाने और चोर को गिरफ्तार करने के प्रयास किए। अज्ञात चोर का पता सुराग देने पर एसपी पंकज पांडे द्वारा 5 हजार की ईनाम राशि भी घोषित की गई थी।

4 अगस्त को बंधन बैंक से 6 मोबाइल, टेबलेट, जियो बाईफाय डिवाइस, के साथ 29800 नगदी रू. की चोरी हुई। इसी प्रकार 13 अगस्त को न्यायालय के मालखाने का ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी चोर सुरेन्द्र उर्फ बौना कुशवाहा ने पुलिस को



पूछताछ में बताया कि उसने चोरी के रूपयों से नागपुर के गंगा जमुना क्षेत्र में पहुंच कर मौज मस्ती की।

एसडीओपी कुंबर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना और मिले साक्ष्यों के आधार पर सुरेन्द्र उर्फ बौना कुशवाहा को गिरफ्तारकरने के साथ मोबाइल, जियो कंपनी का डोंगल, लोहे की राड और नगदी राशि बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

## शास. जन जातिय महाविद्यालयीन बालक छात्रावास में मनाया शिक्षक दिवस



**हरिभूमि न्यूज, बरेली।** शा. जनजातीय बालक महाविद्यालयीन छात्रावासों में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधा कृष्णन का उत्साह के साथ जन्मदिन एवं शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शिक्षकों के योगदान से छात्रों का भविष्य सवारने और श्रेष्ठ नागरिक बनाने पर जोर दिया।

शिक्षक दिवस कार्यक्रम में छात्रावासों के अधीक्षक संतोष धाकड़, प्रशांत पटेल, गिरधारी लाल शिल्पी, अन्य कार्मचारियों के साथ छात्र नायक रमाकांत, रोहित धुर्वे, हरिगोविन्द, मनोज, अमित, प्रेम प्रसाद के साथ अन्य छात्रों की उपस्थिति रही। आदिवासी शा. बालक छात्रावासों में मनाये जाने के प्रति भारी उत्साह का माहौल रहा।

# श्रीरामलीला मैदान में भारतीय किसान संघ की हुई बैठक में समस्याओं पर चर्चा

## किसानों की समस्याओं को हल करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भारतीय किसान संघ की तहसील ईकाई की बैठक रामलीला मैदान में बैठक हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। किसान रैली के रूप में तहसील एसडीएम कार्यालय पहुंचे और किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

**किसानों की समस्याएं :** वर्तमान समय में किसानों की सबसे बडी समस्या धान फसलों के लिए डीएपी, यूरिया, खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहा है। खाद का पर्याप्त मात्रा में भंडारण और किसानों को वितरण के साथ समर्थन मूल्य पर किसानां ने खरीदी गई मूंग के बिल न बनने से किसानों का भुगतान अटका हुआ है।




### बिल बनाने और भुगतान की मांग -

किसानों को निर्धारित 10 घंटो बिजली नहीं मिल रही है। किसान संघ द्वारा सौंपे ज्ञापन में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, किसानों को 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। सरकार की सोलर पंप योजना में आनलाईन आवेदन में पोर्टल की आ रही दिक्कत का तुरंत ठीक किए जाने की मांग की।

### इनकी रही उपस्थिति

एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपते समय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, नारायण सिंह पनारिया, गोविन्द सिंह, जिला अध्यक्ष केषर सिंह, भगवान सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र धाकड़, राजेष ठाकुर, देवराज राजपूत, मुकेष धाकड़, मेहरबान सिंह, हल्के भैया, अनिल द्विवेदी, बैनी सिंह ठाकुर एवं ग्राम ईकाईयों के पदाधिकारियों, किसानों की उपस्थिति रही।

## आज से पितृ पक्ष की शुरुआत

# नर्मदा तटों पर अपने पूर्वजों को लोग करेंगे जल अर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

10 दिवसीय श्रीगणेशोत्सव के समापन बाद आज रविवार से पितृ पक्ष प्रारंभ हो रहा है। अपने पूर्वजों के लिए माँ नर्मदा एवं नदियों के किनारे पहुंच कर विधिविधान के साथ सनातनी लोगों द्वारा तपर्ण कर पूर्वजों को जल अपर्ण किया जाएगा। दशकों बाद श्राद्ध पितृपक्ष की शुरूआत चन्द्रग्रहण के साथ हो रही है।

- पितृ पक्ष की शुरूआत में चन्द्रग्रहण

वंशजों द्वारा अपने पूर्वजों की आत्म शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण कर जल अपर्ण की प्राचीन परंपरा है। इसी लिए आज से नर्मदा तटों, अन्य नदियों एवं सनातनी परिवारों द्वारा अपने घरों में भी अगले दिनों तक वैदिक विधि विधान से पूर्ण भक्ति भाव के साथ तपर्ण, जल अपर्ण के साथ तिथि के अनुसार श्राद्ध कर्म के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।

### गया जी में पिंडदान

15 दिवसीय पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों के लिए नगर एवं क्षेत्र से गया जी पहुंच कर पिन्ड दान के लिए भी वंशज सक्रिय नजर आ रहे है। इसी के साथ पितृ पक्ष में भागवत कथा का आयोजन कर अपने पूर्वजों की आत्मा को शांति और धार्मिक श्रद्धालुओं के बीच धर्म, वंशजों के दायित्व कत्र्वयों की भी व्यापक चर्चा प्रारंभ होगी। ग्रामीण श्रद्धालु अधिक सक्रिय बने हुए है।

### पू. ब्रम्हचारी जी के सानिध्य में

प्रति वर्षानुसार माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल आश्रम में महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी महाराज के सानिध्य में पितृ पक्ष में पूर्वजों के लिए तपर्णकी शुरूआत होगी। जिसमें ऋषीश्वर समाज जामगढ़ के साथ नगर एवं क्षेत्र के ग्रामों से पहुंचे धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रों एवं कर्मकांड के अनुसार नर्मदा मैया के किनारे जल से तपर्ण किया जाएगा। इसी के साथ सनातनी परिवारों में तिथि के अनुसार अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध, धर्म कर्म, दान की शुरूआत होगी।

## सड़कों पर अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ निकाला अनंत चौदस का चल समारोह

# नर्मदा मैया, बारना, घोघरा नदी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

10 दिवसीय श्री गणेशोत्सव के समापन पर नगर में 50 से अधिक स्थानों पर लगी झांकी पंडालों में गणपति बप्पा की विदाई के पूर्व हवन पूजन के रात्रि और दिन में कार्यक्रम चलते रहे। दोपहर बाद मंगलमूर्ति भगवान गणपति बप्पा की विदाई प्रतिमाओं के विर्षजन के लिए गणेशोत्सव समितियों द्वारा अपने-अपने ढंग से ढोल बाजों, गणपति बप्पा के जयकारों के साथ छोटे-बडे चल समारोह निकाले गए।

गणेशोत्सव समितियों द्वारा नगर के निकट बारना नदी एवं नर्मदा तट अलीगंज, पुल घाट, बगलवाडा इत्यादि स्थानों पर पहुंच कर श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का विशेष पूजन, आरती के साथ विर्षजन किया जाता रहा। नगर के प्रमुख मार्गो पर गणपति बप्पा की चलित झांकियां देखने नर-नारियों में भारी उत्साह रहा।

### अखाड़ों के साथ निकला चल समारोह

नगर की दशकों पुरानी परंपरानुसार बडा बाजार शक्ति धाम मंदिर से अनंत चौदस का अखाडो के प्रदर्शन





के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ।

हिउस के तत्वाधान में अन्नत चौदस के चल समारोह में सम्मिलित नगर के अखाडो के खिलाडिय़ों द्वारा स्थान-स्थान पर प्रदर्शन किया जाता रहा। अखाडो के प्रदर्शन देखने लोगों में भारी उत्साह रहा।

नगर के नरसिंह अखाडे की बालिकाओं द्वारा किया गया अखाडा प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। चल समारोह में हिउस के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों, गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों की खासी उपस्थिति बनी रही। प्रमुख मार्गो पर भ्रमण के बाद अनंत चौदस के चल समारोह का रामलीला मैदान में समापन हुआ।

**कार्यालय विपणन सहकारी संस्था मर्या. ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्र. / AR/VDS/537/29.12.1995 दिनांक 05/09/2025
क्र. / आमसभा /2025-26

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

विपणन सहकारी संस्था मर्या. ग्यारसपुर के समस्त डेलीगेटस (व्यक्तिगत एवं संस्थाओं) को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 20/09/2025 दिन शनिवार को समय 12 बजे स्थान विपणन सहकारी सहकारी सस्था मर्या. ग्यारसपुर के भवन में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीर्य है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात पुनः होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं है। आम सभा की सूचना पृथक से समस्त सदस्यों को वाय पोस्ट प्रेषित की गई है।

(अजय कुमार परवरिया)
प्रबंधक
विपणन सहकारी संस्था मर्या.
ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)

(किशोर कुमार अहरवाल)
प्रशासक
विपणन सहकारी सस्था मर्या
ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)

**खबर संक्षेप**

### हाईवे के गड्ढों में पहिया जाने से पलटी थ्रेशर

**सलामतपुर।** बीती देर रात थाना क्षेत्र के भोपाल विदिशा हाइवे 18 सोजना गांव के मोड़ पर एक थ्रेसर पलटने से सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीती देर रात हाइवे के सोजना जोड़ के पास भोपाल से एक पिकअप वाहन एमपी 04 जीबी 4790 से एक थ्रेसर को पीछे लगाकर ड्रायवर हिम्मत सिंह राजपूत गंजबासौदा ले जा रहा था, तभी रास्ते में हाइवे के गड्ढे में थ्रेसर का पहिया जाने से पलट गया। इसी दौरान एक ट्रक भी सड़क से नीचे उतरकर फंस गया, जिससे जाम लग गया।

### तालाब घाटों पर सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**दीवानगंज।** सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर तालाब सहित आसपास क्षेत्र में बने विसर्जन घाट और मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक सहित पुलिस कर्मी को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। दिनेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि दीवानगंज तालाब पर घाट नहीं होने के कारण प्रतिमाओं को विसर्जन करने में काफी समस्या आती है। बारिश हो जाने के कारण घाट पर श्रद्धालु मिट्टी होने के कारण स्लिप होते हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए तालाब पर दो ट्यूब रस्सी से बांधकर रखें। रात के समय बिजली की व्यवस्था जहां पर मूर्ति विसर्जित हो रही है वहां पर रखें।

### दिगंबर जैन मंदिर में मनाया पर्यूषण महापर्व

**दीवानगंज।** श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भवानी चौक जो की पंचायत कमेटी ट्रस्ट चौक भोपाल के अंतर्गत आता है। जिसमें 28 अगस्त से 6 सितंबर तक पर्यूषण महापर्व बड़े ही हर्ष उल्लास धूमधाम से मनाया गया। इस 10 दिवसीय आयोजन में उत्तम क्षमा, माजर्ब, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य, धर्म की पूजा के साथ अनंत चतुर्थी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में शनिवार को शांति धारा राजकुमार जैन अंबाड़ी एवं श्रीजी की फूलमाल महेश जैन, अजय जैन देहरी परिवार द्वारा ली गई। प्रतिदिन भगवान का अभिषेक,शांतिधारा, और पूजा की गई। जैन मंदिर परिसर में पानी की व्यवस्था के लिए शकुंतला जैन, स्व. शिखर चंद जैन परिवार के सदस्य संजय जैन, संजना जैन, अनिमेष, आर्जव जैन संगीता जैन निवासी दीवानगंज के द्वारा कि गई।





देर रात तक चलता रहा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला, नदी-तालाबों पर पुलिस रही तैनात



# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...जयकारों से किया 'गजानन' को विदा

*'गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ' के साथ भक्तों ने भगवान गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। शहर के नदी, तालाबों में प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शनिवार को देर रात तक जारी रहा।*

### महामाया चौक से झांकियों का निकला चल समारोह

शहर की बड़ी गणेश प्रतिमाओं की आकर्षक झांकियों का चल समारोह बाजेगाजों के साथ शहर के जयस्तंभ महामाया चौक से रात 8 से 9 के बीच निकाला गया। गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह बेतवा, रीछन नदी, मिश्र तालाब के घाट पर पहुंचा। जहां भक्तों द्वारा गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ.... के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं की श्रद्धापूर्वक विदाई देते हुए उनका विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भगवान गणेश की प्रतिमाओं को मासेर रोड़ की रीछन नदी और शहर के प्राचीन मिश्र तालाब घाट पर नपा द्वारा बनाए कृत्रिम जलकुंड, बेतवा नदी के जाखा घाट, पगनेश्वर घाट सहित आसपास की नदियों में विसर्जन का सिलसिला चलता रहा है। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल भी तैनात किया गया।

नगर पालिका द्वारा कृत्रिम कुंड तैयार किया था, जिसमें शहर की भगवान लंबोदर की छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन नपा कर्मचारियों द्वारा किया गया। शहर में लगीं लगभग 80 से ज्यादा छोटी-बड़ी श्रीगणेश झांकियों में सुबह के समय गणेश झांकी पांडालों में हवन पूजन, आरती का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। दोपहर बाद से डीजे, ढोल-नगाड़ों, बैंडबाजों के साथ श्रीगणेश प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह निकलना शुरू हुआ, जो देर तक चलता रहा।

### नम आंखों से गणपति बप्पा को किया विसर्जित



दस दिवसीय गणेश उत्सव पर्व को लेकर जगह-जगह स्थापित गणेश प्रतिमाओं का शनिवार को दोपहर से शाम तक भक्तों द्वारा नम आंखों से गणेश भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। ढोल, नगाड़ों और डीजे की धुन पर भक्त थिरकते चलते रहे। विसर्जन यात्राओं में भक्तों ने जमकर अबीर गुलाल भी उड़ाया। शहर के गंजबाजार, पीडब्ल्यूडी, एसडीओ ऑफिस, अथाई मोहल्ला, तिपट्टा बाजार, गवोईपुरा, गोपालपुर, श्रीरामपुर, रामलीला ग्राउंड, पाटनदेव, पटेल नगर, नरापुरा समेत कई स्थानों पर पंडालों व घरों में गणेश चतुर्थी के दिन गणपति की प्रतिमाएं स्थापित की गईं थीं। पूरे दस दिनों तक चले उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन चलते रहे। देर शाम ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। जहां पूजा-अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं को नाव से ले जाकर विसर्जित किया गया।



### अनंत चौदस के पावन पर्व पर गणपति की प्रतिमाओं का किया विसर्जन

**सांची।** 10 दिन से विराजमान गणपति महाराज कि विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने हर्ष और उल्लास से भगवान गणपति की विदाई पर ढोल-नगाड़ों की गूंज से शहर भक्ति में हो गया। वहीं नगर परिषद द्वारा छोटे-छोटे गणेश जी को विसर्जन करने के लिए ट्राली में कृत्रित जल कुंड बनाकर जिसमें भगवान को विसर्जन किया।

वहीं बड़ी-बड़ी मूर्तियां को श्रद्धालु नदी, तालाबों में विसर्जन करने के लेकर पहुंचे। वहीं जगह-जगह शनिवार को गणपति महाराज की गईं महा आरती। भगवान के विसर्जन के पहले शहर में हर पंडाल में महा आरती का भव्य आयोजन देखने को मिला। सांची में स्थान-स्थान पर श्रद्धालु महा आरती का आनंद उठाते रहे। नगर की डॉ हेडगेवार कॉलोनी में भव्य आयोजन देखने को मिला।





### गांधी चौक पर एकत्रित हुई नगर की गणेश प्रतिमाए, निकला चल समारोह

**सिलवानी।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर सिलवानी नगर में भव्य और भक्तिभाव से ओतप्रोत गणेश विसर्जन चल समारोह का आयोजन किया। नगर की गलियों से लेकर नदी घाटों तक श्रद्धा, उल्लास और भक्ति की बयार बहती रही। नगर में विराजित गणेश प्रतिमाए शाम के समय गांधी चौक पर एकत्रित हुई। जहां से चल समारोह प्रारंभ हुआ। जो समैया मार्केट, अंबेडकर वार्ड, शनिचरा मौहल्ला, हौली चौक, बुधवारा बाजार, मुख्य मार्ग से तहसील तिराहा होता हुआ दशहरा मैदान पहुंचा। जहां श्रीगणेश प्रतिमाओं की पूजन, आरती कर विसर्जित किया। सुरक्षा को लेकर नगर के प्रमुख चौराहों और घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा।

चल समारोह में व्यायाम शाला के युवाओं ने सड़क पर हैरत अंगेज योगासन, मल्लखंभ और संतुलन क्रियाएं कर लोगों का मनमोह लिया।

#### नगर में 25 से अधिक गणेश जी की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

*नगर के विभिन्न गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित 25 से अधिक गणेश प्रतिमाएं इस चल समारोह में सम्मिलित हुईं। विसर्जन हेतु श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं को नगर से बाहर स्थित तेंदोनी नदी, बेगम नदी तथा नर्मदा नदी तक पहुंचाया, जहां विधि विधान पूर्वक पूजन के बाद मूर्तियों का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर बाप्पा को विदाई दी।*

## भोपाल-विदिशा हाईवे पर दो कारों में हुई भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे कर्क रेखा के आगे नहर की पुलिया के पास दो कारों में भिड़ंत हो गई।

जानकारी के अनुसार कार से गर्भवती महिला को विदिशा अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में बड़ी राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सवार लोग सुरक्षित बच गए।

सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों वाहनों को साइड में लगवाया। पुलिस ने दोनों ही कार चालकों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस ने वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### बाइक टकराने से 3 घायल, 1 रेफर सिलवानी थाना क्षेत्र का मामला

**सिलवानी।** थानांतर्गत ग्राम आमापानी के पास बाइक की टक्कर से दो महिला समेत 3 लोग घायल हो गए। जिन्हे उपचार हेतु सिविल अस्पताल गया। जहां कि गंभीर चोट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल महिला को रायसेन रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार गदगवा से तूमरी ग्राम की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आई एक अन्य बाइक ने आगें जा रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग धायल हो गए। धायलो की पहचान मुकेश 30, राजा भाई 45 तथा संगीता 35 के रुप में की गई। सभी घायल ग्राम गदगवा के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया।

## आज से पितृपक्ष शुरू : तालाब की नहीं कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार से 15 दिनों के पितृपक्ष की शुरुआत हो रही है, लेकिन नगर पालिका द्वारा तालाब की साफ सफाई पर गंभीरता से कोई ध्यान नहीं दिया। शहर के मिश्र तालाब में फैली जलकुंभी काई और कमल गट्टा की जड़ों से पानी में सड़ांध पैदा हो रही है। ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं को नाक पर रूमाल रख कर पूजन करना पड़ता है, जहां अब पितरों को भी जल तर्पण किया जाएगा। बताया जाता है कि नगर पालिका ने इसकी साफ सफाई का ठेका लाखों में एक ठेकेदार को दिया है। लापरवाही का आलम यह है है कि ठेकेदार ने शनिवार को अंनत चौदस तक सही तरीके से साफ सफाई नहीं की थी। हरी नेट लगाकर सफाई कर फौरी औपचारिकता निभाई है, जबकि मिश्र तालाब घाट की सही तरीके से सफाई की मांग शहरवासियों द्वारा लगातार की जाती रही है।



## पूर्वाभाद्रपद 'नक्षत्र' में साल का पहला खग्रास 'चंद्रग्रहण' आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इस साल का पहला खग्रास चंद्र ग्रहण 7 सितंबर, पूर्णिमा रविवार को पड़ने जा रहा है। चंद्रग्रहण पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र और कुंभ राशि में पड़ेगा। यह चंद्रग्रहण भारत के अलावा पाकिस्तान, अरब, रूस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, म्यांमार सहित कई अन्य देशों में भी दिखाई देगा।

भारत के सभी शहरों में इसका प्रारंभ, मध्य और मोक्ष स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। चंद्र ग्रहण की अवधि 3 घंटे 30 मिनट की रहेगी। ग्रहण का स्पर्श रात्रि 9:57 बजे होगा, मध्य रात्रि 11:40 बजे और मोक्ष रात्रि 1:26 बजे होगा। यह चंद्रग्रहण कुछ राशियों पर भाद्र पद पूर्णिमा पर शुभ होगा तो किसी को अशुभ बताया गया है।

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला पंडित राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि चंद्र ग्रहण पूर्णिमा तिथि को ही पड़ता है। शास्त्रों के अनुसार सूर्य ग्रहण का सूतक 12 घंटे पूर्व लगता है, जबकि चंद्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व लगता है। जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है और तीनों एक सीध में होते हैं, तब चंद्रग्रहण होता है। उस समय पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है, यही चंद्र ग्रहण कहलाता है।



**श्री हिन्दू उत्सव समिति के बैनर तले आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## महामाया चौक पर झांकियों को वितरित किए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगर में चली जा रही प्राचीन परंपरा के अंतर्गत श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में महामाया चौक में अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर गणेश झांकियों डोल ग्यारस के विमानों को पुरस्कार वितरण किए गए। शनिवार को शाम से आयोजित किया गया गरिमामय कार्यक्रम। अनंत चतुर्दशी समारोह कार्यक्रम में बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि जिले के कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय ने की। वही विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर श्री हिउस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, पूर्व हिउस अध्यक्ष पतिराम प्रजापति, जमना सेन, अशोक सोनी, लीला सोनी, कृष्णमोहन चतुर्वेदी, मनीष बंटी माहेश्वरी, राजकुमार यादव, कार्यकारी अध्यक्ष रवि खत्री आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, प्रतिवेदन और समिति का लेखा-जोखा अनिल चौरसिया ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम पर संचालन चंद्र कृष्ण रघुवंशी ने किया। समिति की ओर से अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। अंनत चतुर्दशी के गरिमामय समारोह में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हर एक मंगल कार्य शुरू करने के पहले देवों में देव भगवान गणेश की प्रथम पूजन की जाती है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को अनंत चौदस की बधाई दी।



इसी तरह एसपी पांडे और अनिल चौरसिया नपाध्यक्ष सविता सेन कहा कि धार्मिक आयोजन हमारे भारतीय संस्कृति की शोभा बढ़ाते हैं। गणेश उत्सव की शुरुआत महाराष्ट्र से बाल गंगाधर तिलक ने की थी, जो आज पूरे देश में एक बड़े उत्सव का रूप ले चुकी है। उन्होंने गणेश झांकी आयोजकों को भी शुभकामनाएं दीं। मंचासीन अतिथियों द्वारा गणेश झांकियां को और डोल ग्यारस के विमानों को पुरस्कार भी बांटे गए।